





### एक नजर में

## विश्व मलेरिया दिवस स्वास्थ्य विभाग ने निकाली जनजागरूकता रैली



**मंदसौर।** जिला स्वास्थ्य समिति मंदसौर एवं मलेरिया विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शहर में जन जागरूकता रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिक को मलेरिया एवं अन्य मच्छर जनित बीमारियों के प्रति सचेत करना और बचाव के तरीकों से अवगत कराना था। रैली का विधिवत शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जी.एस. चौहान द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह रैली इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। रैली के दौरान छात्राओं और कर्मचारियों द्वारा मलेरिया से बचाव संबंधी प्रभावशाली नारे लगाए गए। साथ ही, हाथों में पोस्टर और तख्तियां लेकर आम जन को मच्छर जनित रोगों के लक्षण, उपचार और रोकथाम की जानकारी प्रदर्शित की गई। रैली के आयोजन से पूर्व ष्टरूाह्न डॉ. जी.एस. चौहान ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विश्व मलेरिया दिवस के महत्व और इसके वैश्विक उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। रैली का समापन जिला प्रशिक्षण केंद्र परिसर मंदसौर में हुआ।

## नपाध्यक्ष गुप्ता ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण



**मंदसौर।** नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने कल प्रात: स्वास्थ्य सभापति दीपमाला रामेश्वर मकवाना के साथ वार्ड क्रमांक 21 का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष गुर्जर ने अभिनंदन क्षेत्र के वार्ड 21 की सफाई व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान दोनों स्थानों पर सफाई व्यवस्था में कमियां पायी गयी। नपाध्यक्ष ने उन कमियों को दूर करने के निर्देश स्वच्छता निरीक्षक सौरभ बनला एवं प्रभारी सफाई दरोगा को दिये। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सुनीता गुजरिया भी नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर के साथ थे।

## अंजनी नदी कायाकल्प अभियान को मिल रहा जनसमर्थन

**गरोठ।** नगर परिषद गरोठ द्वारा शुरू किया गया अंजनी नदी कायाकल्प अभियान अब जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है। नगर के आमजन, सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सक्रिय सहयोग से यह अभियान लगातार गति पकड़ रहा है और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। बोलिया रोड स्थित अंजनी नदी के स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण के लिए नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में विभिन्न संगठनों और समाजसेवियों द्वारा बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई जा रही है। नदी को स्वच्छ और सुंदर बनाने के संकल्प के साथ नगर के जागरूक नागरिक निरंतर श्रमदान कर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार, 24 अप्रैल को प्रात: 7 बजे माँ अंजनी नदी कायाकल्प अभियान के अंतर्गत नगर परिषद के साथ पेंशनर संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने श्रमदान कर स्वच्छता कार्य में योगदान दिया। अभियान के दौरान नदी तट पर सफाई कार्य कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का भी प्रयास किया गया।

# किसान की अथक मेहनत का कोई मोल नहीं : पटेल

- किसान न्याय सत्याग्रह में भरी हुंकार
- सत्ता के संरक्षण में उद्योगपतियों की तिजोरियां भर रही सरकार
- प्राइवेट विमान से मंदसौर पहुंचे कांग्रेस सचिव पटेल



**मंदसौर।** जिला युवा कांग्रेस के तत्वावधान में कृषि उपज मंडी प्रांगण में चल रहा किसान न्याय सत्याग्रह ग्यारहवें दिन भी जोश के साथ जारी रहा। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दुर्गेश सिंह पटेल के नेतृत्व में आयोजित इस सत्याग्रह को धार देने के लिए अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल विशेष रूप से निजी विमान से मंदसौर पहुँचे। उनके साथ जावद विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी समंदर पटेल भी सत्याग्रह स्थल पर पहुँचे, जहाँ कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

सत्याग्रह स्थल पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने केंद्र की कृषि नीतियों को किसान विरोधी करार देते हुए स्पष्ट कहा कि युवा कांग्रेस का गौरवशाली इतिहास सदैव अन्नदाताओं के हक की लड़ाई से जुडा रहा है।

उन्होंने आगाह किया कि जब तक सरकार किसानों के हित में कोई ठोस और न्यायपूर्ण निर्णय नहीं लेती, तब तक यह आंदोलन रुकने वाला नहीं है। पटेल ने जोर देकर कहा कि सत्ता में बैठी सरकार अब किसानों की आवाज को और अधिक समय तक अनसुना नहीं कर पाएगी। उन्होंने केंद्र की कृषि नीतियों को किसान विरोधी करार देते हुए कहा कि आज देश का अन्नदाता अपनी ही जमीन पर बेगाना महसूस कर रहा है। सरकार कागजों पर तो किसानों की आय दोगुनी करने का ढोंग रच रही है, लेकिन हकीकत में बीज से लेकर खाद तक की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि कर किसानों की कमर तोड़ दी गई है। पटेल ने आगे कहा कि जब तक सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और किसानों के हित में कोई ठोस व न्यायपूर्ण निर्णय नहीं लेती, तब तक यह आंदोलन रुकने वाला नहीं है। उन्होंने आगाह किया कि सत्ता के अहंकार में डूबी सरकार अब किसानों की आवाज को और अधिक समय तक अनसुना नहीं कर पाएगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे गांवों की चौपालों तक इस संदेश को ले जाएं कि यह सरकार केवल चंद उद्योगपतियों की तिजोरियां भरने का काम कर रही है और किसान के पसीने की कीमत उसे नहीं मिल रही है।



## रेलवे क्रॉसिंग नंबर 141 पर अंडरपास निर्माण कार्य शुरू

**पिपलियामण्डी।** नगर के रेलवे समपार क्रमांक 141, जिसे पूर्व में रेलवे ने बंद कर दिया गया था, पर अब नागरिकों की सुविधा के लिए अंडरपास निर्माण कार्य शुरू हो गया है। लंबे इंतजार के बाद यहां पोकलेन मशीन पहुंची, जिसके बाद सुबह से निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत कर दी गई।

बंद पड़े रेलवे फाटक पर बने पुराने क्वार्टर को पहले तोड़ा गया, इसके बाद अंडरपास के लिए खुदाई कार्य प्रारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि मनासा मार्ग स्थित इस रेलवे फाटक पर पूर्व में बार-बार जाम की स्थिति बनती थी, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना प?ता था। इसी समस्या के समाधान के लिए यहां ओवरब्रिज का निर्माण किया गया था। हालांकि, रेलवे लाइन के दोनों ओर बसी आबादी के कारण लोगों को आवागमन में अब भी कठिनाइयों का सामना करना प? रहा था। विशेष रूप से स्कूली बच्चों को आने-जाने में काफी दिक्कतें उठानी प?ती थीं। क्षेत्रीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की मांग पर यहां अंडरपास निर्माण को स्वीकृति दी गई थी। लंबे समय से इस कार्य के शुरू होने की प्रतीक्षा कर रहे क्षेत्रवासियों में अब निर्माण कार्य प्रारंभ होने से हर्ष का माहौल है। लोगों को उम्मीद है कि अंडरपास बनने के बाद आवागमन सुगम होगा और उन्हें राहत मिलेगी।




## मंदसौर में जैन सोशयल ग्रुप ने किया जल मंदिर का भव्य शुभारंभ

**मंदसौर। जैन सोशयल ग्रुप मेन, मंदसौर द्वारा भीषण गर्मी की दस्तक के बीच आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रतापग? रोड पुलिया स्थित अजीतकुमार कुशलकुमार नाहर की दुकान के समीप नवनिर्मित जल मंदिर का शुभारंभ हुआ।**

उद्घाटन अवसर पर ग्रुप अध्यक्ष राजेन्द्र नाहर ने अपने संबोधन में सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भीषण तपिश में किसी प्यासे को शीतल जल उपलब्ध कराना सबसे ब?ा पुण्य और मानवीय कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि ग्रुप सदैव सामाजिक सरोकारों के प्रति सजग रहता है और यह जल मंदिर उसी अटूट सेवा भावना का प्रतीक है।

इस दौरान ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष राकेश जैन, अशोक मारु, विशाल गोदावत, संजय दोशी, सुरेन्द्र रांका, गौरव सुराणा, कुशल नाहर, दिनेश भंडारी, सुभाष भंडारी, संदीप ओस्तवाल, संजय चौधरी, संदीप बाफना, अनिल डांगी, शैलेन्द्र जैन, पंकज कच्छारा आदि उपस्थित थे। आभार सचिव गौरव सुराणा ने व्यक्त किया।

### एक नजर — मंदसौर जिला माहेश्वरी महिला संगठन का शपथ-विधि समारोह

# जरूरतमंदों की मदद और सेवा कार्यों की ली शपथ

**मंदसौर।** मंदसौर जिला माहेश्वरी महिला मण्डल का शपथ ग्रहण कार्यक्रम रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन नयापुरा मन्दसौर पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पश्चिमांचल माहेश्वरी महिला मण्डल की उपाध्यक्ष स्नेहलता मुंदड़ा, पचिमचल के निर्वतमान सयुक्त मंत्री श्रीमती भावना जी सोमानी, विशेष अतिथि निर्वत्तमान जिला अध्यक्ष निशा जी पलोड़ व उनके सभी पूर्व पदाधिकारी तथा मन्दसौर महिला मण्डल अध्यक्ष श्रीमती सोनल जी मंडोवरा मंचासीन रहे।

सभी अतिथियों द्वारा भगवान महेश को माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महेश वंदना श्रीमती रेणु गगरानी व श्रीमती सुरेखा झंवर ने की। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अंजना मालू व श्रीमती संगीता मंडोवरा ने किया।



सभी नवीन पदाधिकारी जिलाध्यक्ष मंजू जागेटिया, सचिव वंदना सोमानी मन्दसौर, कोषाध्यक्ष रेखा सोमानी दलौदा, उपाध्यक्ष संध्या काबरा मन्दसौर, शोभा मुंद?ा बु?ा, सहसचिव सरीता कासट मन्दसौर, संगठन मंत्री मीना जाजू मन्दसौर व परामर्शदाता तारा कासट मन्दसौर सभी को मुख्य अतिथि स्नेहलता जी मुदड़ा द्वारा शपथ दिलाई गई व संकल्प लिया गया की जितना हो सके हम दूसरों की मदद करने का प्रयास करेंगे व समाज की महिलाओं को आगे बड़ाने में अपना योगदान देंगे, स्वास्थ शिविर, बाल शिविर व जनहित कार्यों में अपनी सेवा देवें।

अंत में आभार संगीता मंडोवरा ने माना। इस अवसर पर राखी परवाल, राज चिचानी, मीनल मंडोवरा, टीना मुंदड़ा, पिंकी मंडोवरा सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी जिला उपाध्यक्ष संध्या काबरा ने दी।

# नीमच

### एक नजर में

## प्रगणक, फील्ड विजीट में अधिकाधिक स्वगणना फार्म भरवाए : चंद्रा



**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने शनिवार को शासकीय पीजी कालेज नीमच में नीमच शहर के जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों व सुपरवाईजरों के अंतिम चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण कर जायजा लिया। कलेक्टर ने फिल्ड विजिट कर इस प्रशिक्षण में उपस्थित प्रगणकों से चर्चा करते हुए कहा, कि सभी प्रगणक 26 से 30 अप्रेल तक फिल्ड विजिट कर अपने क्षेत्र के अधिकाधिक नागरिकों, रहवासियों को स्व गणना फार्म भरने के लिए प्रेरित कर, स्व जनगणना फार्म भरवाए। इस मौके पर एसडीएम संजीव साहू, चंद्रसिह धार्वे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## हिंगोरिया आंगनवाड़ी में नि:शुल्क आयुर्वेद शिविर



**नीमच।** आयुष विभाग द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर जमुनिया कला के आंगनवाड़ी केंद्र हिंगोरिया पर पोषण पखवाड़ा के तहत नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर, मातृ एवं शिशु पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, त्वचा रोग, उदर रोग, विबंध, श्वास, कास, प्रतिश्याय, रक्त अल्पता, उच्च रक्तचाप, अर्श, अम्लपित्त, साइटिका, प्रमेह आदि रोगों की जांच कर रोगियों को नि:शुल्क आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया। कार्यक्रम में गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं को संतुलित आहार, सुपोषण, स्तनपान के महत्व एवं जन्म से 2 वर्ष तक के बच्चों के समुचित पोषण के विषय में जानकारी दी। शिविर में डॉ.विमला पाटीदार ने सेवाएं दी। शिविर का 56 लाभार्थियों ने लाभ लिया। शिविर में श्रीमती भावना बैरागी, श्रीमती सोनी कैथवास, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं श्रीमती कौशल्या बैरागी, आंगनवाड़ी सहायिका ने सहयोग प्रदान किया।

## कृति की साधारण सभा व नवीन कार्यकारिणी चुनाव 26 को

**नीमच।** जिले की अग्रणी साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था कृति की साधारण सभा व नवीन कार्यकारिणी के चुनाव आज 26 अप्रैल को होंगे। संस्था कृति के अध्यक्ष डॉ अक्षय राजपुरोहित, सचिव कमलेश जायसवाल व प्रचार सचिव एडवोकेट कृष्णा शर्मा ने बताया कि संस्था की साधारण सभा 26 अप्रैल रविवार सुबह 11 बजे रेलवे स्टेशन रोड स्थित जाजू जी की बगीची में होगी। शुरुआत में कोषाध्यक्ष राजेश जायसवाल आय व्यय का विवरण देंगे। सचिव कमलेश जायसवाल वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे, जिसके अनुमोदन के उपरांत वर्तमान अध्यक्ष डॉ अक्षय राजपुरोहित धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा करेंगे। इस प्रक्रिया के बाद चुनाव अधिकारी श्री कैलाश बाहेती की मौजूदगी में चुनाव की प्रक्रिया संपन्न होगी, जिसमें कृति की नवीन कार्यकारिणी का चुनाव होगा।

# खेताखेड़ा में तलवार-लाठियों से हमला एक ही परिवार के तीन लोग घायल

- आरोपी मौके से फरार



**नीमच। जिले के जीरन थाना क्षेत्र के ग्राम खेताखेड़ा डोरिया में शुक्रवार रात आपसी विवाद के चलते दो पक्षों में झड़प हो गई। हमलावरों ने घर के बाहर सो रहे एक व्यक्ति और उसके परिजनों पर तलवार व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस घटना में एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद नीमच जिला अस्पताल रेफर किया गया है।**

खेताखेड़ा निवासी राजूलाल (39) पिता बाबूलाल ओड अपने घर के बाहर सो रहे थे। इसी दौरान उनके रिश्तेदार, जो कचौली के बताए जा रहे हैं, 10 से अधिक साथियों के साथ एक बड़ी कार में वहां पहुंचे। आते ही उन्होंने विवाद शुरू कर दिया और हथियारों से हमला बोल दिया।

**पति पत्नी भी घायल**-जब हमलावरों ने राजूलाल पर हमला किया, तो उन्हें बचाने के लिए उनकी पत्नी संगीता (40) और परिजन दिनेश (45) आगे आए। हमलावरों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और लाठी-डंडों व तलवार से मारपीट की। हमले के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और आरोपी मौके से फरार हो गए।

घायलों में संगीता बाई पति राजूलाल ओड, राजूलाल पिता बाबूलाल ओड और दिनेश पिता कन्हैयालाल शामिल हैं। दिनेश को बीच-बचाव के दौरान चोटें आईं। सभी घायलों को गंभीर हालत में नीमच जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही जीरन पुलिस सक्रिय हुई और जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों के बयान दर्ज किए। पीड़ितों ने पुलिस से हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के अनुसार, हमलावर पीड़ित परिवार के ही रिश्तेदार बताए जा रहे हैं, जिनसे पुरानी किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



## कलेक्टर चंद्रा ने किया गेहूं खरीदी केंद्र का निरीक्षण

- सभी केंद्रों पर पेयजल और छाया की पर्याप्त व्यवस्था करने के दिए निर्देश

**नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने शनिवार को जेतपुरा चौराहे के समीप तिरूपति नगर के सामने स्थापित गेहूं उपार्जन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर सुचारू उपार्जन कार्य का जायजा लिया।**

उन्होने उपार्जन, उपज विक्रय के लिए ट्रेक्टर ट्राली के साथ उपस्थित किसानों से चर्चा कर उपार्जन केंद्र पर गेहूं तोल में लगने वाले समय एवं किसानों के लिए छाया एवं पेयजल की व्यवस्था बारदाना, हम्मालों की व्यवस्था, तौल की व्यवस्था आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र पर भण्डारित उपार्जित गेहूं का निरीक्षण किया।

केंद्र पर उपलब्ध जूट के बारदानों का भी अवलोकन किया। उन्होने ट्रेक्टर ट्राली में उपार्जन के लिए लाए गये गेहूं की गुणवत्ता को भी देखा। कलेक्टर ने उपार्जन केंद्र पर प्रवेश स्थल पर हरे गहरे रंग का बडा टेंट लगवाकर छाया की व्यवस्था करने और टेंट के पास किसानों के लिए ठण्डे पेयजल की व्यवस्था करने, साथ ही तौली स्थल के समीप भी पेयजल व छाया की व्यवस्था करने के निर्देश सहकारिता के क्षेत्रीय अधिकारी व केंद्र प्रभारी को दिए है।

### सभी किसान नरवाई का समुचित प्रबंधन करें

नीमच में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन केंद्र के निरीक्षण दौरान कलेक्टर ने वहां उपस्थित किसानों से चर्चा करते हुए नरवाई प्रबंधन के बारे में समझाईश दी। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने किसानों से कहा, कि वे डी कम्पोजर का उपयोग कर नरवाई का समुचित प्रबंधन करें। नरवाई का जलाए नहीं। कलेक्टर ने किसानों से उपार्जन केंद्र पर गेहूं विक्रय में आर रही स्लाट बुकिंग की समस्या से अवगत कराया। जिसका समाधान करने के निर्देश भी कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए। किसानों के बताया कि अब बडे किसानों द्वारा उपार्जन केंद्र पर गेहूं लाया जा रहा है। मण्डी से उपार्जन केंद्र पर अधिक मूल्य होने से किसानों का समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए रूझान बढ रहा है।

### एक नजर — जिला पोषण समिति बैठक में कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

# अडॉप्ट एन आंगनवाड़ी अभियान के तहत जन सहयोग से सक्षम आंगनवाड़ी बनाएं : चंद्रा

**नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अमन वैष्णव की उपस्थिति में जिला पोषण समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अंकिता पंड्या ने पी.पी.टी. के माध्यम से जानकारी प्रस्तुत की।**

कलेक्टर चंद्रा ने निर्देशित किया कि जिले में आंगनवाड़ी का नियमित संचालन नॉर्म्स अनुसार करें, सैम, मैम एवं अति कम वजन के बच्चों का वास्तविक चिन्हांकन करें, एडाप्ट अन आंगनवाड़ी के तहत जन सहयोग से सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्र बने बने आंगनबाड़ी में आवश्यक शेष कार्य पूर्ण करवाएं, कोलोकेशन वाली आंगनवाड़ी का सत्यापन करें, जिले में चिन्हित हॉट स्पॉट वाले आंगनवाड़ी केंद्रों पर विशेष ध्यान दें, सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में सुविधाओं का विस्तार करें और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी संकलित करें।



शालापूर्व अनौपचारिक शिक्षा का अधिक प्रभावी आयोजन नियमित करें, पंजीयन से शेष 3 से 6 वर्ष के बच्चों को दर्ज करें। जिले में प्रतिमाह की जा रही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की ग्रेडिंग अनुसार कमजोर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का नियमित प्रशिक्षण आयोजित करें तथा कार्य नहीं करने या लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करें।

एफ.आर.एस., आभा आई.डी., अपार आई.डी. के शेष कार्य 30 अप्रैल तक पूर्ण करें। वजन से एक भी बच्चा शेष न रहे। जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी व पर्यवेक्षक आंगनवाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें। गर्म पके भोजन व टेक होम राशन की नियमित निगरानी करें।

'एडॉप्ट एन आंगनवाड़ी' तहत समुदाय के समन्वय एवं सहयोग से सुपोषण के लिए कार्य करें। मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना की छात्रवृत्ति से शेष बालिकाओं को शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति का वितरण करें। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के क्षमता संवर्धन हेतु विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित करें तथा पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों को नियमित रूप से भर्ती करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए हैं।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.डी. प्रसाद, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मनीष यादव, जिला परियोजना सहायक श्री दिलीप व्यास, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एम.एस. मांगरिया, सहायक संचालक श्री वैभव बैरागी, इरफान अंसारी, कविता चौहान, आभा पाटीदार, दीपिका नामदेव, पर्यवेक्षक एवं ब्लॉक समन्वयक उपस्थित थे।